Reg. No.............................................. Name......................................................................... **25U2035**

**B A, B SC, B COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - APRIL 2025**

**UGP (HONS.) SEMESTER - 2: MULTIDISCIPLINARY COURSE**

**COURSE: 24UHINMDC101 – HINDI IN DAY-TO-DAY LIFE**

*(For Regular 2024 Admission)*

Time: 1.5 Hours Max. Marks - 50

**PART A**

**I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। (5x2=10)**

1. निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद लिखिए। (CO1)

   अ. पीला आ. हरा इ. सफ़ेद ई. काला

2. अनुवाद कीजिए। (CO1)

   अ. शुक्रवार आ. गुरुवार इ. सोमवार ई. मंगलवार

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित रूप से कीजिए। (काम,नाम,कुत्ता,शिकायत,बकरी, चिंता) (CO2)

   राजु के घर में एक____था। उसका _____कालू था।वह दिन-रात भौंकता रहता था। लोग कालू की हमेशा____करते थे।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करके बंटू के परिवार का परिचय दीजिए। (CO2)

   (बहन,भाई,दीदी,माताजी,दादीजी,चाचाजी,पिताजी)

   बंटू के____का नाम आलोक तिवारी था । बंटू की____नीलिमा की मृत्यु हो गई थी । बंटू की छोटी ____ आशा हमेशा उससे लड़ाई करती थी । बंटू और आशा दादाजी और____ के घर में रहते थे।

5. चार पालतू जानवरों के नाम लिखिए। (CO3)

6. जूते के विज्ञापन में आए कैप्शन का नमूना तैयार कीजिए। (CO3)

7. अनुवाद कीजिए। (CO5)

   "घर से निकलते ही, कुछ दूर चलते ही,
   रस्ते में है उसका घर" ।

**PART B**

**II. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (4x5=20)**

8. बाज़ार में सब्ज़ी वाले के साथ बातचीत का नमूना लिखिए। (CO2)

9. घर में पति-पत्नि के बीच वार्तालाप का नमूना लिखिए। (CO3)

10. कॉलेज में पर्यावरण दिवस के संबंध में बनाए गए पोस्टर एवं कैप्शन का नमूना लिखिए। (CO2)

11. अपने मित्र के नाम पत्र का नमूना लिखिए। (CO3)

12. साबुन के अखबारी विज्ञापन का एक नमूना तैयार कीजिए। (CO5)

13. भोजनालय (होटल) में अपने दोस्त के साथ बातचीत का नमूना लिखिए। (CO2)

## PART-C

**III. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।** **(2x10=20)**

14. किसी मशहूर साहित्यकार के साथ साक्षात्कार(इंटरव्यू )का नमूना लिखिए। (CO1)

15. कॉलेज में पहले दिन साथियों के साथ बातचीत का नमूना लिखिए। (CO3)

16. फेसबुक में डालने हेतु 'युवा पीढ़ी एवं नशीले पदार्थों का उपयोग' विषय से संबंधित ब्लॉग एवं पोस्टर का निर्माण कीजिए। (CO5)

17. कथांश पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (CO4)

'बुढ़ापा अक्सर बचपन का दौर-ए-सानी हुआ करता है। बूढ़ी काकी में ज़ायक़ा के सिवा कोई हिस बाक़ी न थी और न अपनी शिकायतों की तरफ़ मुख़ातिब करने का, रोने के सिवा कोई दूसरा ज़रिया। आँखें.हाथ,पैर सब जवाब दे चुके थे। ज़मीन पर पड़ी रहतीं और जब घर वाले कोई बात उनकी मर्ज़ी के ख़िलाफ़ करते, खाने का वक़्त टल जाता या मिक़दार काफ़ी न होती या बाज़ार से कोई चीज़ आती और उन्हें न मिलती तो रोने लगती थीं और उनका रोना महज़ बिसूरना न था। वो ब-आवाज़ बुलंद रोती थीं। उनके शौहर को मरे हुए एक ज़माना गुज़र गया। सात बेटे जवान हो हो कर दाग़ दे गए और अब एक भतीजे के सिवा दुनिया में उनका और कोई न था। उसी भतीजे के नाम उन्होंने सारी जायदाद लिख दी थी। उन हज़रात ने लिखाते वक़्त तो ख़ूब लंबे चौड़े वादे किए लेकिन वो वादे सिर्फ़ कलबी डिपो के दलालों के सब्ज़-बाग़ थे। अगरचे उस जायदाद की सालाना आमदनी डेढ़ दो सौ रुपये से कम न थी लेकिन बूढ़ी काकी को अब पेट भर रूखा दाना भी मुश्किल से मिलता था'।

अ) कहानी में बुढ़ापे का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

आ) काकी की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ कुछ भी होती तो उनकी प्रतिक्रिया क्या होती ?

इ) बूढ़ी काकी के परिवार का चित्रण कीजिए।

ई) 'बूढ़ी काकी को अब पेट भर रूखा दाना भी मुश्किल से मिलता था'।क्यों ?

उ) 'वादे सिर्फ़ कलबी डिपो के दलालों के सब्ज़-बाग़ थे'। अर्थ समझाइए।